फर्द अहकाम

**न्यायालय : विशिष्ट न्यायाधीश स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम केसेज (सैशन न्यायाधीश) दौसा**

उनवान : केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो जयपुर **बनाम** सुन्दरलाल आदि

किस्म मुकदमा : सैशन प्रकरण संख्या–18/2025

सीएनआर नंबर : RJDS010004532025

(एफआईआर नंबर 04/2024 सी.बी.एन. जयपुर अंतर्गत धारा 8/21, 22 व 29 एनडीपीएस एक्ट)

| दिनांक | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुआ। |
|---|---|---|
| 22.06.2026 | श्री कमलेश कुमार बोहरा, विद्वान विशिष्ट लोक अभियोजक केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की ओर से उपस्थित।<br><br>अभियुक्तगण नवीन टेलर व सुन्दरलाल शर्मा न्यायिक अभिरक्षा से असालतन उपस्थित।<br><br>अभियुक्त संदीप कुमार सैनी न्यायिक अभिरक्षा से उपस्थित नही, इसका केवल न्यायिक अभिरक्षा वारण्ट पेश हुआ।<br><br>श्री विक्रम शर्मा, विद्वान अधिवक्ता अभियुक्त नवीन व सुन्दरलाल की ओर से उपस्थित।<br><br>श्री बच्चूलाल मीना प्रॉक्सी काउंसल श्री आनन्द शर्मा, विद्वान अधिवक्ता अभियुक्त संदीप की ओर से उपस्थित।<br><br>जिला कारागृह, दौसा से अभियुक्त सुन्दरलाल के ईलाज के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसके अनुसार अभियुक्त का समुचित ईलाज करवाया गया है, जिससे वह संतुष्ट है, रिपोर्ट शामिल पत्रावली रहे।<br><br>साक्ष्य अभियोजन में गवाह रंजेश शुक्ला पी. डब्ल्यू 07 उपस्थित नही, जिसकी आज की हाजरी माफी का आवेदन जरिये विद्वान विशिष्ट लोक अभियोजक पेश हुआ। गवाह रंजेश शुक्ला को आगामी पेशी दिनांक 29.06.2026 को विद्वान विशिष्ट लोक अभियोजक अपने स्तर पर पेश करें।<br><br>पत्रावली वास्ते साक्ष्य अभियोजन में दिनांक 29.06.2026 को पेश हो। तब तक तीनों अभियुक्तगण की न्यायिक अभिरक्षा अवधि अधिकृत की जाती है।<br><br>**सैशन न्यायाधीश**<br>**दौसा (राज०)** | SPP 22/6/2026<br><br>सुन्दर लाल<br><br>नवीन<br><br>(counsel) |